सत्यमेव जयते

खंड ४ संख्या १

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी रिपोर्ट

(भाग २—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर रहित)

बृहस्पतिवार, तिथि १३ नवम्बर, १९५८

Vol. IV No. 1

# The Bihar Legislative Assembly Debates

## Official Report

(Part II—Proceedings other than Questions and Answers)

*Thursday, the 13th November, 1958*

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय
बिहार, पटना, द्वारा मुद्रित
१९५९

[मूल्य—३७ नये पैसे।]
[*Price—37 Naye Paise.*]

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि १४ नवम्बर १९५८ को ११ बजे पूर्वाह्न में अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

## तारांकित प्रश्नोत्तर।

## Starred Questions and Answers

### PAYMENT OF ARREAR SALARIES AND TRAVELLING ALLOWANCES.

**32. Shri RADHANANDAN JHA** : Will the Minister incharge of Irrigation Department be pleased to state—

(1) whether it is a fact that there are 17 Assistant Engineers incharge of Minor Irrigation at the district headquarters ;

(2) whether it is a fact that they have not received their salaries and travelling allowances since April, 1958 which has put them to great hardship ;

(3) if the answers to the above clauses be in the affirmative, do Government propose to clear off their dues, if not, why ?

श्री केदार पांडे—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) औपचारिकताओं के कारण अस्थायी पद की स्वीकृति की अवधि २८ फरवरी, १९५८ से बढ़ाने में कुछ विलम्ब हो गया जिससे अभियंताओं को वेतन इत्यादि समय पर नहीं मिल रहा था। लेकिन १८ सितम्बर, १९५८ को पद की स्वीकृति की अवधि बढ़ा दी गई है और अब वेतन इत्यादि के मिलने में कोई कठिनाई नहीं है।

(३) खंड (२) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता है।

श्री राधानन्दन झा—क्या सरकार यह बताने की कृपा करेंगे कि अप्रैल सन् १९५८ से पेमेन्ट उन लोगों को नहीं मिला है वह कबतक मिलने की संभावना है और सरकार कबतक उन लोगों को पेमेन्ट देने जा रही है?

श्री केदार पांडे—अभी पूरा पेमेन्ट नहीं हुआ है बल्कि बहुत कुछ पेमेन्ट हो चुका है और कुछ होने जा रहा है।

श्री राधानन्दन झा—सरकार कबतक उन लोगों को पूरा पेमेन्ट करने जा रही है?

श्री केदार पांडे—उनका पेमेन्ट शीघ्र हो जायगा। उसमें कोई दिक्कत नहीं है।